यूपी के 20 लाख घरों पर होगा सोलर संयंत्र

लखनऊ, विशेष संवाददाता। केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में शामिल की गई रूफटाप सोलर पैनल योजना में एक करोड़ परिवार हर महीने 300 यूनिट तक बिजली निशुल्क पा सकेंगे। इस योजना से प्रयोग के बाद वितरण कंपनियों को बची हुई बिजली बेचकर लोग 15 से 18 हजार रुपये बचत कर सकेंगे। इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज कर सकेंगे। माना जा रहा है कि इस योजना के तहत यूपी के कम से कम 20 लाख गरीब व मध्यम श्रेणी के परिवार लाभान्वित होंगे।

बिजली महकमे के उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, इस योजना के तहत सोलर रूफटाप लगाने में पूर्व से मिल रही सब्सिडी को और अधिक किया जा सकता है। प्रति किलोवाट सब्सिडी 3000 रुपये तक बढ़ाई जा सकती है।

- पीएम के अयोध्या संकल्प से एक करोड़ परिवारों को मुफ्त बिजली
- प्रति किलोवाट और 3000 रुपये तक बढ़ सकती है सब्सिडी

यूपी के हर घर को रूफटाप सोलराइजेशन का प्रयास: एके शर्मा ऊर्जा मंत्री एके शर्मा अंतरिम बजट से ऊर्जा के क्षेत्र मे नए आयाम स्थापित होंगे। देश को ऊर्जा के क्षेत्र में सशक्त करने के लिए नए प्राविधान किए गए हैं। इसका लाभ यूपी की जनता को भी होगा। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। पूरा अयोध्या शहर सोलर ऊर्जा से जगमगा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि यूपी के गांव व शहर के हर घर का रूफटाप सोलराइजेशन किया जा सके।

यूपी में 2400 मेगावाट बिजली पैदा की जा रही

अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा, महेश गुप्ता का कहना है कि यूपी की सोलर नीति में 2030 तक 40 हजार मेगावाट बिजली सौर ऊर्जा से लेने का लक्ष्य है। सौर ऊर्जा से 2400 मेगावाट बिजली इस समय यूपी में पैदा की जा रही है। सरकारी भवनों पर भी सोलर संयंत्र लगाने का फैसला लिया गया है। वाराणसी में 30 हजार घरों पर अगले दो माह में सोलर रूफ टाप लगाने का लक्ष्य है। अयोध्या में 10 मेगावाट सोलर संयंत्र लगा दिया गया है 40 मेगावाट का एक संयंत्र और स्थापित किया जाएगा।